डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

प्रतिवेदन- शिक्षक दिवस समारोह- 2022- 2023

जीवन जितना सजता है, माता- पिता के प्यार से,
उतना की महकता है, गुरू के आशीर्वाद से।

शिक्षा मानव जीवन का आभूषण है। मानव का पूरा जीवन इसी धूरी के अंतर्गत महकता और सँवरता है। डी. ए. वी. की चेन्नई शाखा इस अनुपम देन को विश्वभर में फैलाने के लिए कर्त्तव्यबद्ध रही है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए दिनांक 05.09.2022 को विद्यालय के सभा स्थल में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा उच्चारित गायत्री मंत्र के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया गया। अगले चरण में विभिन्न भाषाओं का संगम प्रस्तुत करते हुए मधुर गान की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम को मनोरंजक रूप देने हेतु मूक अभिनय विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा में गुरू की महत्त्वता दर्शाते हुए एक नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों ने चलचित्र पर आधारित पहेली कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके पश्चात फिल्मी संवादों को पूरा बोलने वाला कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें शिक्षकगणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वस्तुओं की आधुनिक रूप से बिक्री सरस ढंग से शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत की गई। सामूहिक गतिविधि का उत्कृष्ट नमूना प्रस्तुत करने हेतु शिक्षकगणों एवं सहायक कर्मचारियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किए गए। शिक्षा और खेल एक दूसरे के पूरक हैं, इसी भावना से ओत-प्रोत होकर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। माननीया प्रधानाचार्या श्रीमती मीनू अग्रवाल जी द्वारा प्रस्तुत गीत ने समारोह में चार चाँद लगा दिए। संपूर्ण कार्यक्रम बड़ा ही रोचक और शिक्षाप्रद रहा ।

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

शिक्षक दिवस समारोह- 2022- 2023

विद्यार्थियों द्वारा मधुर गान प्रस्तुति

छात्रवृंद द्वारा मूक अभिनय

छात्राओं द्वारा भावपूर्ण नृत्य

शिक्षिकाओं द्वारा भाव अभिव्यक्ति